Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:52 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:69 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 202 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 3 फरवरी 2026

दो वेब सीरीज की घोषणा...पेज-3 पर

## उत्तराखंड में पर्वतारोहण अभियान के लिए खोली गई 83 चोटियां

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वन और पर्यटन विभाग ने गढ़वाल व कुमाऊं हिमालयी क्षेत्र में 83 चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोल दिया है। अधिसूचित चोटियों पर पर्वतारोहण करने पर वन विभाग की ओर से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। विदेशी पर्वतारोहियों से इंडियन माउंटेयरिंग फाउंडेशन की ओर से तय शुल्क लिया जाएगा।

समुद्रतल से 5700 मीटर से लेकर 7756 मीटर तक की ऊंचाई वाली चोटियों में कामेट, नंदा देवी (पूर्वी), चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली, नीलकंठ प्रमुख रूप शामिल है। पर्वतारोहण की गाइडलाइन के अनुसार, अधिसूचित चोटियों पर भारतीय पर्वतारोहियों के लिए प्रदेश सरकार को पीक शुल्क, कैंपिंग शुल्क, पर्यावरण शुल्क नहीं देना होगा। यह निर्णय देश के युवा पर्वतारोहियों एवं साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिया गया है। विदेशी पर्वतारोहियों को पूर्व में वन विभाग की ओर से लगाए जाने वाले अभियान शुल्क में छूट दी गई। अब उन्हें केवल भारतीय पर्वतारोहण संस्था नई दिल्ली (आईएमएफ) द्वारा निर्धारित शुल्क का ही भुगतान करना होगा। पर्वतारोहण के लिए सभी आवेदन उत्तराखंड माउंटेनियरिंग परमिशन सिस्टम के माध्यम से किए जाएंगे। पर्वतारोहण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से सीमावर्ती क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन के साथ रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय साहसिक पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी।



*हिमालय प्राकृतिक सौंदर्य के साथ साहस, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोलने का निर्णय राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देगा। यह पहल युवाओं को पर्वतारोहण के प्रति प्रेरित करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ पर्यावरण संतुलित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।*
**-धीराज गर्ब्याल, सचिव पर्यटन**

## News कॉर्नर

### तीन जिलों में तेज हवा चलने का येलो अलर्ट, बारिश-बर्फबारी के भी आसार

देहरादून। आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना है। वहीं, देहरादून समेत पौड़ी और नैनीताल में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। खासकर प्रदेश के 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के ज्यादा आसार हैं।

### विकासनगर में बड़ा हादसा, 30 यात्रियों को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, चार की मौत, कई घायल



देहरादून। उत्तराखंड के विकासनगर में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। हिमाचल परिवहन की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ ने बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को खाई से निकाला गया। हादसे में बस चालक सहित चार लोगों को मौत हो गई है। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के नेरवा से पांवटा जा रही एचपी रोडवेज बस हरिपुर -कोटी - मीनस राजमार्ग पर क्वानू के पास खाई अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बस में 36 यात्री सवार थे। चार की मौत हो चुकी है। 13 उप जिला अस्पताल में भर्ती है। दस का हरबर्टपुर स्थित लेहमन अस्पताल में उपचार चल रहा है। पांवटा साहिब स्थित अस्पताल में तीन भर्ती हैं।

राहुल गांधी दूसरे दिन भी चीन राग अलापते रहे

## सियासी रारः विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ने दिखाई सख्ती

नई दिल्ली
एजेंसी

लोकसभा में मंगलवार को भी राहुल गांधी ने अपना चीन राग जारी रखा, इस दौरान उन्हें स्पीकर की तरफ से रोका गया। वहीं सत्ता पक्ष की आपत्ति जताने के बाद विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया, फिर स्पीकर ने दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए आमंत्रित किया। जिसके बाद सदन में विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन की कार्यवाही फिर बाधित हो गई।

संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन लोकसभा में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा उठाया। इस दौरान सत्ता पक्ष की तरफ से ऐतराज जताया गया। वहीं स्पीकर ने कई बार उन्हें राष्टपति के अभिभाषण पर बोलने के लिए कहा, आखिर में स्पीकर ने दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए आमंत्रित किया। जिसके बाद विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। भारी हंगामे को देखते हुए स्पीकर लोकसभा की कार्रवाई दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उस लेख की प्रति को प्रमाणित किया जिसमें पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला दिया गया था। उन्होंने इसे प्रमाणित करते हुए सदन के पटल पर रखा। इसके बाद स्पीकर ने उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के लिए कहा। राहुल गांधी ने कहा, कल मैंने इस आर्टिकल पर अपना भाषण शुरू किया था। स्पीकर सर ने कहा था इसे प्रमाणित करें। मैं आज इसे प्रमाणित कर रहा हूं। इसके बाद विपक्ष के नेता ने कहा, राष्ट्रपति के भाषण में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित है। पाकिस्तानियों, चीनियों और हमारे बीच के संबंध। इस लेख में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है जिसकी मैंने पुष्टि की है। यह प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया के बारे में बात करता है... हमारे राष्ट्रपति का भाषण उस मार्ग के बारे में था जिस पर भारत को आज चलना है। विश्व मंच पर, अंतरराष्ट्रीय मामलों का मुख्य मुद्दा चीन और अमेरिका के बीच संघर्ष है। यह हमारे राष्ट्रपति के भाषण का केंद्र बिंदु है। मैं बस इतना कह रहा हूं कि मुझे चीन और भारत के बीच जो हुआ और हमारे प्रधानमंत्री ने उस पर क्या प्रतिक्रिया दी, उस पर एक बयान देने दीजिए। मुझे क्यों रोका जा रहा है?

वहीं जब राहुल गांधी ने अपनी चीन राग अलापना जारी रखा तो स्पीकर ने कई अन्य सदस्यों को बोलने के लिए आमंत्रित किया। तो राहुल गांधी के समर्थन में विपक्ष के तीन सांसद नरेश उत्तम पटेल, शताब्दी राय, डीएम खातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया।



## राहतः अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने भारत पर लगा टैरिफ घटाया

वाशिंगटन
एजेंसी

अमेरिका ने सोमवार को भारत के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगे भारी-भरकम टैरिफ को घटाकर कुल 18 फीसदी कर दिया। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका ने 25 फीसदी प्रतिस्पर्धी और 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फैसले पर खुशी जताते हुए ट्रंप का आभार जताया।

अमेरिका ने प्रतिस्पर्धी शुल्क को घटाने के कुछ देर बाद ही अतिरिक्त शुल्क को भी पूरी तरह से हटाने का ऐलान कर दिया। यह शुल्क रूस से तेल खरीदने के चलते लगाया गया था। गौरतलब है कि चंद दिनों पहले ही भारत ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) से एक बड़ा व्यापार करार किया, जिसे मदर ऑफ ऑल डील्स का नाम दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे सबसे अच्छे मित्रों में से एक हैं और एक शक्तिशाली व सम्मानित नेता हैं। हमने व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध सहित कई मुद्दों पर बात की। वह रूसी तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका तथा वेनेजुएला से तेल खरीदने पर सहमत हुए हैं। इससे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री मोदी भी इसी तरह टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटाकर शून्य (जीरो) करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। मोदी ने 500 बिलियन डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और मैं ऐसे दो व्यक्ति हैं जो काम करके दिखाते हैं।



## बजट 2026 भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला बजटः दीपांशु

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



भाजपा नगर कार्यालय मंत्री दीपांशु शर्मा ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026 भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला बजट है। दीपांशु ने बताया कि यह किसान, युवा को केंद्र में रखकर यह बजट समावेशी विकास, नवाचार और पूंजी निवेश को नई मजबूती देता है। दीपांशु ने कहा कि यह बजट 1द्वद्य के लक्ष्य की ओर एक ठोस और दूरदर्शी कदम है। दीपांशु शर्मा ने बताया कि यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत यह बजट उत्पादकता बढ़ाने, प्रतिस्पर्धा को सशक्त करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला है। इससे भारत वैश्विक विनिर्माण और नवाचार के केंद्र के रूप में तेजी से आगे बढ़ेगा।

वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक स्थिरता, नागरिक सशक्तिकरण और समान अवसरों पर आधारित यह बजट देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने का संकल्प दर्शाता है। बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए निवेश आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और विकास को नई गति देंगे। आत्मनिर्भर, सशक्त और अवसरों से भरपूर भारत के निर्माण की दिशा में यह बजट एक मजबूत आधार है।

## उत्तराखंड वोविनाम एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने देहरादून में उत्तराखंड खेल मंत्री रेखा आर्य एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल के साथ एक सार्थक बैठक की। बैठक में राज्य में वोविनाम खेल के उज्ज्वल भविष्य और इसके एथलीटों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया।वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि पाल भारती ने बताया कि उक्त बैठक में, कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें पूरे उत्तराखंड में खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर और समर्थन प्रदान करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों में वोविनाम खेल का एकीकरण शामिल है। एसोसिएशन ने आगामी खेल महाकुंभ सहित प्रमुख राज्य स्तरीय खेल आयोजनों में वोविनाम को शामिल करने को भी कहा।



वोविनाम एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) द्वारा मान्यता प्राप्त एक खेल है, जो इसे राज्य के खेल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह मान्यता उत्तराखंड के एथलीटों के लिए खेल के बढ़ते महत्व और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन की क्षमता को उजागर करती है। उन्होंने बताया कि खेल मंत्री ने कहा, ꣷराज्य सरकार वोविनाम सहित सभी उभरते खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम वोविनाम एथलीटों की क्षमता को पहचानते हैं और खेल को राज्य-स्तरीय कार्यक्रमों में एकीकृत करने के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और अवसर मिलें उन्होंने आगे कहा, ꣷसरकार खेल को विकसित करने और एथलीटों के विकास में सहायता के लिए वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के साथ मिलकर काम करेगी ꣷ एवं संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को युवा कल्याण विभाग से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। प्रदेश में महासचिव विनोद लखेरा ने कहा कि वोविनाम एक वियतनामी मार्शल आर्ट है जो पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक कॉम्बैट स्पोर्ट्स के तत्वों के साथ मिलाता है। यह शारीरिक फिटनेस, मानसिक अनुशासन और आत्मरक्षा कौशल का मिश्रण है। वोविनाम में स्ट्राइक, किक, लॉक, थ्रो और हथियारों सहित कई तरह की तकनीकें शामिल हैं।वोविनाम खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान पाने का अवसर प्रदान करती है।

प्रतिबद्धता के लिए खेल मंत्री रेखा आर्य एवं अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, अमित चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शासन के निर्देशानुसार खेल मैदान में होंगी प्रतियोगिताएं



र
हमारे संवाददाता

डीएसए मैदान में खेल प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को खेल विभाग ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान खेल विभाग की उप निदेशक राशिका सिद्दीकी ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता करने को लेकर पिच निर्माण किया गया था और 32 टीमों ने इसमें प्रतिभाग करना था,बोली कि जिस दिन टूर्नामेंट शुरू होना था तो कुछ व्यवधान के चलते शुरू नहीं हो सका। बोली कि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल की ओर से कहा गया कि पहले कुवंर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता होगी लेकिन इस पर भी एसडीएम, विधायक और पालिकाध्यक्ष की ओर से मध्यस्थता के जरिए यह हल निकाला गया कि यह प्रतियोगिता खेल विभाग, डीएसए और नगरपालिका तीनों संस्थाएं मिलकर कराएंगी। इस पर भी खेल विभाग राजी था और खेल विभाग द्वारा यह भी कहा गया था कि प्रतियोगिता निःशुल्क होगी। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि खिलाडियों को नियमानुसार रिफ्रेशमेंट तथा पुरस्कार व उपकरण और सर्टिफिकेट सभी खेल विभाग को ओर से दिए जाएंगे। यह सभी एक वार्ता के माध्यम से तय हो गया था लेकिन पालिका और डीएसए की ओर से बाद में इसके लिए मना कर दिया गया,तथा कहा कि खेल विभाग की साथ मिलकर इसे नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि खेल विभाग अभी भी साथ मिलकर प्रतियोगिताएं करने के लिए तैयार है और विभाग की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। विभाग किसी भी तरह का विवाद नहीं चाहता है। बोली कि खेल विभाग यही चाहते है कि यह टूर्नामेंट एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आए और सभी मिलकर खिलाडियों के हित में प्रतियोगिता कराएं। आगे भी आठ प्रतियोगिताएं मिलकर कराई जाए यही हमारा उद्देश्य है। डीएसए पूर्व से 4 प्रतियोगिताएं कराता आ रहा है जिसमें ट्रेड्स कप, लैंडोलीग, रामपुर कप और पृथ्वीराज बिष्ट क्रिकेट कप टूर्नामेंट शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के लिए शासन से खेल विभाग को आदेश हैं कि जब भी ये प्रतियोगिता कराई जाएंगी तो विभाग की ओर से इसमें पूरा सहयोग कराया जाए और हम इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध भी हैं। हम यह चाहते हैं कि जो भी योजनाएं खिलाडियों के लिए चलाई जाती है इसका लाभ नैनीताल के खिलाडियों को भी मिल सके। प्रतियोगिता को लेकर कहा कि आगे शासन से हमें जो भी निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार जल्द से जल्द प्रतियोगिता कराई जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### हल्की बारिश के साथ नैनीताल में मौसम के बदलने लगे तेवर

**नैनीताल** । सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार को एक बार फिर हल्की बारिश के साथ मौसम ने तेवर बदलने शुरू कर दिए हैं और नगर में ठिठुरन वाली ठंड पडनी शुरू हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण ऊंची चोटियों में हिमपात की संभावना नजर आने लगी है। नगर में सोमवार को मौसम का मिजाज सुबह से ही बिगड़ा नजर आया जो बादलों के साथ बेहद ठंड में बीता। दोपहर में घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया तो बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। शाम को फिर पांच बजे कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। इसके बाद बादल छंट गए आसमान साफ हो गया। नगर में मौसम पूरे दिन ठंड में बीता। लोगो दस्ताने, टोपी और मफ लर पहनने को मजबूर हुए तो हीटर भी दिन में ही शुरू हो गए। शाम की ठंड अधिक सताने वाली रही। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक के बाद एक यह दूसरा पश्चिमी विक्षोभ है जिसका असर नैनीताल में अधिक रहने की संभावना है। 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहा।

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल** । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 567 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 567वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### नैनीताल में लोकल पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**नैनीताल** । फ्लैट्स मैदान मल्लीताल में जिला प्रशासन और जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से नैनीताल लोकल ओपन पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार (आज) से शुरू होगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विभाग की ओर से नवनिर्मित पिच में लोकल क्रिकेट प्रेमियों के अनुरोध पर मंगलवार (आज) से प्रतियोगिता कराई जाएगी। नॉक आउट प्रणाली के आधार पर 31 टीमों के कुल 31 मैच खेले जायेंगे। प्रतिभाग करने वाली टीमों को प्रतिभाग हेतु दो पासपोर्ट साईज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य हैं। प्रतियोगिता में खेल विभाग के मानकों के अनुरूप खिलाडियों व निर्णायकों को पुरस्कार, उपकरण तथा बॉल आदि अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी ।



# नैनीताल के गांधी चौक में किया भोजनमाताओं ने प्रदर्शन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की नैनीताल इकाई ने सोमवार को न्यूनतम वेतनमान व स्थायी नौकरी की मांग को लेकर तल्लीताल गांधी चौक में जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान हुई सभा में संगठन की बलॉक अध्यक्ष तुलसी देवी ने बताया कि भोजनमाताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही हैं लेकिन सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। बोली भोजनमाताएं बीते 20 सालों से सरकारी व अर्धसरकारी विद्यालयों में भोजन बनाने का काम कर रही हैं,उन्हें0 100 रूपये प्रतिदिन दिया जाता है माह का मानेदय 3 हजार रूपये दिया जाता है। बताया कि कई भोजनमाताएँ धरने में नहीं पहुंची हैं क्यों कि उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा धमकाया गया है। कहा कि भोजनमाताओं की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पीएफ ई एसआई पेंशन, आकस्मिक अवकाश, प्रसुति अवकाश तथा भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए तथा निकली गई भजन माताओं को पुनः वापस लिया जाए। कहा कि यदि माँग पूरी नहीं हुई तो सभी भोजनमाताएं में भविष्य में बेमियादी धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार करेंगी। इस दौरान अनीता देवी, पुष्पा जलाल, सीमा देवी, सुशीला, चंपा देवी, लता, शबीना, संतोष, जानकी देवी, हेमा देवी, भगवती देवी, नंदी बिष्ट, पूजा देवी, दीपा देवी, शकीना, दीपा नेगी, नंदी बिष्ट, सरस्वती देवी, कमला पंत, हेमा डालाकोटी तथा निरमा देवी आदि मौजूद रहे।

# लेक सिटी वेलफेयर कलब जुटा महिला होली महोत्सव की तैयारी में

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित लेक सिटी वेलफेयर कलब की बैठक मंगलवार को कलब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसममति से तय किया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कलब द्वारा 22 फ रवरी (रविवार) को माल रोड स्थित होटल सेंट्रल में महिला होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बैठक में महोत्सव की कामयाबी हेतु अमीता साह को संयोजक जबकि विनीता पांडे एवं दीपा पांडे को सह संयोजक की जिममेदारी सौंपी गयी। कलब के अध्यक्ष आभा साह ने बताया कि होली महोत्सव में नगर के अलावा भीमताल, भवाली एवं हल्द्वानी से महिला होली टीमों का आमंत्रित किया जाएगा। कलब द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की पांच महिला होलियारों को भी विशेष रुप से सममानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव की तैयारी व बैठक में कलब की सचिव सरिता त्रिपाठी समेत हेमा भट्ट, रानी शाह, जीवंती भट्ट, मीनाक्षी कीर्ति, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, डा.प्रगति जैन, प्रेमा अधिकारी, कविता त्रिपाठी, मधुमिता, गीता शाह, ज्योति ढौंडियाल, मीनू बुधलाकोटी, सविता कु लारा, दया कुंवर, रेखा पंत, रेखा जोशी, मंजू बिष्ट, कंचन जोशी, लीला राज, पल्लवी, पुष्पा कांडपाल, कविता गंगोला, ज्योति वर्मा व सीमा सेठ व रमा आदि महिला उपस्थित थी।



# शबे-बरातः अकीदत व एहतराम की मुक़द्दस रात

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुस्लिम समुदाय ने शबे-बरात की मुक़द्दस रात के लिए पूरी अकीदत और एहतराम के साथ तैयारियाँ मुकम्मल कर ली हैं। इस अवसर पर कब्रिस्तानों की साफ़-सफाई का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। शबे-बरात को इबादत, दुआ और मग़फ़िरत की रात माना जाता है, जिसमें लोग पूरी रात अल्लाह की इबादत में मशगूल रहते हैं।

आज की रात मस्जिदों में खास नमाज़ों का एहतमाम किया गया है, वहीं लोग अपने घरों में भी नफ़्ल नमाज़ अदा करेंगे और कुरआन-ए-पाक की तिलावत करेंगे। इस रात को रहमत और मग़फ़िरत की रात माना जाता है, जिसमें लोग अपने गुनाहों की माफ़ी मांगते हैं और अपने मरहूम अज़ीज़ों के लिए दुआएँ करते हैं।

शबे-बरात के मौके पर कब्रिस्तानों में भी लोगों की आवाजाही देखी गई, जहाँ फातिहा पढ़ी गई और दिवंगत परिजनों के लिए दुआएँ की गईं।

इदशांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए हैं। वहीं सामाजिक संगठनों द्वारा ज़रूरतमंदों में भोजन और मिठाइयों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर उलेमाओं ने लोगों से आपसी भाईचारे, अमन और इंसानियत के पैग़ाम को अपनाने की अपील की और समाज में मोहब्बत व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर 8 वर्षों तक दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत मंजूर की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर 8 वर्षों तक दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत मंजूर करते हुए विपक्षी व सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की एकलपीठ में हुई ।

मामले के अनुसार पौड़ी निवासी अखिल बंगारी पुत्र राजेन्द्र बंगारी के खिलाफ देहरादून निवासी एक युवती ने थाना नेहरू कालौनी देहरादून में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में

21 जनवरी 2026 को मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त युवक 2018 में देहरादून में पढ़ाई के लिये आया जो एक मेडिकल कॉलेज से पीजी कर रहा था । कुछ समय बाद इस युवक के साथ पीड़िता के साथ बोलचाल हो गई और युवक ने शादी का झांसा देकर शाररिक संबन्ध बनाये, यही नहीं इस युवक ने उसके शादी के रिश्ते भी तुड़वाये और एक जॉब भी छुड़वाई । इस युवक ने बाद में पौड़ी में कलिनिक खोला तो वह युवती को भी अपने साथ पौड़ी ले गया । जहां युवती को पता चला कि उक्त युवक फ रवरी माह में किसी दूसरी लड़की के साथ शादी कर रहा है जिस पर आपत्ति करने पर युवक ने उसे बेइज्जत किया । इस शिकायत पर अखिल बंगारी के खिलाफ नेहरू कालौनी देहरादून में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसे निरस्त करने व गिरफतारी पर रोक के लिये अखिल बंगारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी ।

# पर्वतीय इलाकों में स्कूल खुले, वन महकमा अलर्ट



**तैयारी**
- वन विभाग ने गश्त के साथ किया स्कूलों में भी किया जागरूक

नैनीताल
हमारे संवाददाता

शीतकालीन अवकाश के बाद नैनीताल जिले के धारी बलॉक एवं इसके आसपास के इलाकों में बीते दिनों हुए मानव वन्य जीव संघर्ष तथा शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुले जिसमें रूटीन की तरह आसपास के सभी विद्यालयों में छात्र छात्रा उपस्थित रहें हालांकि विद्यालय खुलने के बाद कई बच्चे अनुपस्थित भी रहें, वही वन विभाग ने अपने स्तर से भी तैयारी की।

उत्तरी गौला वन क्षेत्र रेंजर विजय भट्ट ने बताया कि संवेदनशील विद्यालयों में टीम के द्वारा गश्त करवाई जा रही है वही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाड़ापानी में बच्चों को मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया गया है जिसमें विद्यालय आते और जाते वक्त समूह बनाकर जाने के साथ अभिभावकों की मदद लेने की अपील की गई। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि रात को घरों से बाहर बिल्कुल नहीं निकालना है और घर के बाहर आँगन में रौशनी बनाएं रखें। वही ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने मवेशीयों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें जंगल में चराने को ना छोड़े वही महिलाओं को चारा पत्ती के लिए समूह बनाकर ही जाने को कहें अकेले में बिल्कुल ना जाएं। वही धानाचूली और पहाड़पानी वनों को आग से रोकने को लेकर गोष्ठी भी की गई। भट्ट ने बताया कि बीते दिनों बर्फबारी बारिश के बाद तेंदुवो की गतिविधि देखने को नहीं मिल रही है। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को दहशत नहीं बल्कि सावधानी बरतने की अपील की है। वही सेलालेख विद्यालय के आसपास सफाई अभियान चलाया गया और ट्रैम कैमरे भी लगाएं गए। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश चन्द्र मेलकानी, वन दरोगा पूरन मेलकानी, हरेंद्र कुमार, मनोज कैड़ा तथा मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभिमत



## स्वास्थ्य के लिए घातक

*स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनारक्षित के लिए मात्र सात प्रतिशत तथा आरक्षित के लिए शून्य अंक कर दिया। सरकार का यह निर्णय रोगियों के साथ मजाक और पूरे देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए घातक है। चिकित्सकों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। पीजी की सीटें खाली हैं तो पुनः परीक्षा कराई जाये। सरकार को यह फैसला वापस लेना राष्ट्र के हित में होगा। देश की पूरी चिकित्सा व्यवस्था अयोग्य डाक्टरों को नहीं सौंपी जा सकती है।*

डाक्टरों को कुछ रोगों का विशेषज्ञ बनने के लिए एमडी और एमएस पाठ्यक्रम करना होता है। एमबीबीएस के बाद राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विशेष रोग में पोस्ट ग्रेजुएट चिकित्सक बनते हैं। पोस्ट ग्रेजुएट में प्रवेश के लिए अर्हता का मापदंड पूर्व निर्धारित है। अनारक्षित अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम पचास प्रतिशत और आरक्षित श्रेणी के लिए चालीस प्रतिशत। इस बार निर्धारित अंक प्राप्त करने में अधिकतर अभ्यर्थी सफल नहीं हुए और स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनारक्षित के लिए मात्र सात प्रतिशत तथा आरक्षित के लिए शून्य अंक कर दिया। सरकार का यह निर्णय रोगियों के साथ मजाक और पूरे देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए घातक है। चिकित्सकों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। पीजी की सीटें खाली हैं तो पुनः परीक्षा कराई जाये। सरकार को यह फैसला वापस लेना राष्ट्र के हित में होगा। देश की पूरी चिकित्सा व्यवस्था अयोग्य डाक्टरों को नहीं सौंपी जा सकती है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के साथ ही ब्रिटेन और अन्य देशों में भारत के डाक्टरों की विशेषज्ञता के लिए पहचान है। चीन, रूस और अन्य देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वालों को भारत में एक और परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रेक्टिस करने की अनुमति होती है। भारत में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थी अधिक रकम खर्च करके विदेश से डाक्टर बनकर आ जाते हैं, लेकिन भारत के डाक्टरों का मुकाबला नहीं कर पाते हैं। इस संदर्भ में करीब चार दशक पहले के एक मामले का उल्लेख प्रासंगिक होगा। विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मंडल कमीशन की सिफारिश सार्वजनिक की थी। आरक्षण के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन हुआ था। अनेक छात्र-छात्राओं ने आत्मघाती कदम उठाकर जान दे दी थी। उस समय आरक्षण समर्थक नेताओं से साक्षात्कार में मीडिया ने पूछा था कि वह खुद बीमार होंगे और ऑपरेशन की जरूरत होगी तो कम अंक से डाक्टर बने अयोग्य डाक्टर से क्या इलाज करायेंगे? नेताओं ने विशेषज्ञ से इलाज कराने की बात कही थी। ऐसी स्थिति में देश के सामान्य नागरिक को शून्य अंक पाने वाले डाक्टर के भरोसे मरने के लिए नहीं छोड़ा जाना चाहिए। शिक्षा से लेकर सरकारी विभागों में नियुक्ति में जाति आधारित आरक्षण हमेशा से विवाद का विषय रहा है।

# श्री राम सेवक सभा जुटी फागोत्सव-2026 की तैयारी में

## 23 व 24 फरवरी को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंथन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित होने वाले फ ागोत्सव-2026 की तैयारियों हेतु नैनीताल शहर की प्रमुख महिला दलों तथा महिला होलियारों एवं महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक सभा के उपाध्यक्ष अशोक साह की अध्यक्षता में मंगलवार को सभा भवन में हुई।

बैठक में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने फ ागोत्सव 2026 के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात महिला दलों से आयोजन को भव्य बनाने संबन्ध में परिचर्चा हुई इसके साथ ही महिला होली कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से इस वर्ष भी आयोजित करने हेतु वार्ता हुई। महासचिव बवाड़ी के मुताबिक दिनांक 23 और 24 फ रवरी यानी सोमवार व मंगलवार को दो दिवसीय महिला होली दलों का प्रतिभाग कार्यक्रम होगा, जिसमें नैनीताल एवं अन्य जिलों से भी महिला होली दलों का प्रतिभाग होगा।

बवाड़ी के मुताबिक उद्घाटन दिवस 23 फ रवरी (सोमवार) को



प्रातः 11 बजे से होली जुलूस एवं महिला स्वांग प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला तल्लीताल से नगर भ्रमण के साथ प्रारंभ होगा होगा।कहा किमहिला सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संस्था के पूर्व वर्षो में हुए हैं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इस वर्ष भव्य फ ागोत्सव आयोजन में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात रखी। संचालन मोहित लाल साह ने किया। इस दौरान सभा के संरक्षक घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, प्रबंधक बिमल चौधरी, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह,पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत हरीश सिंह राणा, गिरीश जोशी, किशन सिंह नेगी, ललित साह, भुवन बिष्ट, आलोक चौधरी, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट, जीवंती भट्ट, अमिता साह, रेखा जोशी, तारा बोरा, खष्टी बिष्ट, कविता गंगोला, सुमन साह, रेशमा टंडन, हेमा जोशी, सुनीता वर्मा, भारती कैड़ा, रुचि बेलवाल, ज्योति साह, मंजू पांडे, हेमा जोशी, कलावती असवाल, हिमांशु तिवारी, तुलसी बिष्ट, अदिति खुराना, दीपा जोशी, कुसुम सनवाल तथा नीरू पुजारी आदि उपस्थित रहे। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी ने सभी का आभार जताया।

## शब- ए बारात मनायी जाएगी आजः नाजिम बक्श

नैनीताल । मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बकश ने बताया कि शब- ए बारात मंगलवार (आज) को मनायी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम कैलेंडर के हिसाब से 14 शाबान को शब -ए -बारात मनाई जाती हैं,अबकी बार यह त्यौहार मंगलवार (आज) को मनाया जायेगा। इबादत, तिलावत और शाखावत के (दान पूर्ण) के इस त्योहार में मस्जिदों और क़ब्रस्तानों को खास तरीके से सजाया जाता है। शब ए बारात की रात यानि को लोग रात भर इबादत करते हैं नमाजे नफ ील, कुरान की तिलावत, अल्लाह से गुनाहो की सच्ची तोबा और अपने माँ बाप की मगफि रत के लिए दुआ करते हैं। मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं और फि र कब्रस्तान में जाकर अपने अज़ीज़ लोगो की क़ब्र में जाकर उनकी मगफि रत के लिए दुआ करते हैं और पूरी रात जागकर इबादत करते हैं और कई जगह जलसो का भी आयोजन किया जाता हैं और फर्ज नमाज से पहले दुआ करके 15 शाबान का रोजा रखते हैं।

# काशीपुर का चर्चित किसान हत्या प्रकरणः सभी याचिकाओं की अब होगी हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के किसान द्वारा आत्महत्या करने पर नामजद लोगों की गिरफतारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले में से सोमवार को तीन से अधिक लोगों के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाशकालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने पूर्व में पारित कुलविंदर सिंह व अन्य में दिए गए आदेश के आधार पर इनकी भी गिरफतारी पर रोक लगाते हुए इनसे भी जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कोर्ट ने सभी याचिकाओं को एक साथ सुनवाई करने व जवाब पेश करने को कहा है । कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल (बुधवार) की तिथि नियत की है।

बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा मामला है। सरकार ने इस मामले को गंभीरता



से लिया है, जांच चल रही है। सुनवाई पर याचिकर्ताओं की तरफ से कहा कहा गया कि मुखय आरोपी व अन्य की गिरफतारी पर पहले ही रोक लग चुकी है उसी आदेश के आधार उनकी भी गिरफतारी पर रोक लगाई जाय। मामला गंभीर होने के कारण डीजीपी ने इस केस की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मामले की जाँच एस आईटी को सौप दी है लेकिन जाँच प्रारंभ नहीं हुई। मामले के अनुसार बीते शनिवार देर रात हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक होटल में काशीपुर निवासी सुखवंत सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले सुखवंत सिंह ने फेसबुक पर लाइव आकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। यही नहीं सुखवंत ने ऊधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत तमाम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उनके द्वारा कहा गया था कि उनके साथ जमीन के मामले मे धोखाधड़ी हुई है। और उनसे करीब चार करोड़ ठग लिए गए। जब इसकी शिकायत बार बार पुलिस से की गयी तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर अमल नहीं किया गया उल्टा उनको डरा धमकाया गया। उनकी आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 लोगों पर आईटीआई थाने मे नामजद मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई मृतक के भाई की तहरीर पर की गयी है। सोमवार को सुनवाई पर याचिकाकर्ता कि तरफ से कहा गया कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें इस केस मे गलत फ ंसाया गया है। यह केस दो पक्षों के बीच आपसी जमीन से जुडा मामला है। किसान ने आत्म हत्या की है इसलिए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाय और दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाय।

# फिल्मी दुनिया

## मिथुन और बेटे नमाशी ने की दो वेब सीरीज की घोषणा



*मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी दो नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसकी घोषणा उन्होंने आज ही की है। एक रोमांटिक कॉमेडी, तो दूसरी एंथोलॉजी सीरीज पर आधारित है। मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी ने आज एक रोमांटिक कॉमेडी और दूसरी एंथोलॉजी सीरीज की घोषणा की है। इसी के साथ उन्होंने सीरीज की स्टार कास्ट के साथ ही इसकी शूटिंग की जानकारी भी शेयर की है। मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी चक्रवर्ती ने अपने होम बैनर MYRND मूवीज के तहत दो वेब सीरीज की घोषणा की है। पहली सीरीज का नाम है- मेस-टरपीस। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज में नमाशी के साथ रेशम शाहनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज की घोषणा के साथ ही सीरीज का पोस्टर भी शेयर किया है। इस सीरीज का निर्देशन नमाशी और श्रीकांत वाट्स ने मिलकर कर रहे हैं। इस सीरीज की शूटिंग इस साल जून 2026 में शुरू होगी।*

*मिथुनच क्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी चक्रवर्ती की दूसरी वेब सीरीज का नाम है- स्टोरीज ऑफ फियर। यह एक एंथोलॉजी सीरीज है, जिसे 10 भागों में बनाया जाएगा। यह डर, खौफ और फोबिया की थीम पर आधारित होगी। इस सीरीज का निर्देशन सचिन करांडे कर रहे हैं। इसका लेखन श्वेता बोथरा और स्वप्निल राजे ने मिलकर किया है। इस सीरीज की शूटिंग जुलाई 2026 में शुरू होगी।*

### कौन हैं मिथुन के बेटे

*नमाशी चक्रवर्ती दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और योगिता बाली के छोटे बेटे हैं। 4 सितंबर 1992 को जन्मे नमाशी ने 2023 में बैड बॉय फिल्म से बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू किया था। इसके बाद वह द बंगाल फाइल्स में भी नजर आए, जिसे विवेक अग्निहोत्री ने निर्देशित कया है।*

# सड़क की मांग को लेकर 17 फरवरी को होगा धरना प्रदर्शन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पी. सी. गोरखा ने बताया नैनीताल जिले के कोटाबाग विकासखंड व नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाली सड़क को उत्तराखंड शासन के द्वारा पांच वर्ष पूर्व स्टेट हाईवे 71 भंडारपानी ओखलढुगा बेतालघाट बरधौं भुजान बिछ्लेख मोटर मार्ग को राज्य मार्ग घोषित किया गया था। कहा कि प्रदेश के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा 7 सितंबर 2024 को बेतालघाट रामलीला मंच पर इस मार्ग को कैंचीधाम टू लेन बनाने की घोषणा की गयी थी,साथ ही जून 2025 में पुनः मुखयमंत्री के द्वारा नैनीताल में एक कार्यक्रम के दौरान स्टेट हाईवे 71 भंडार पानी ओखलढूंगा तल्लीसेठी बेतालघाट बरधौं भुजान बिछ्लेख मोटर मार्ग का सुधारीकरण किये जाने की घोषणा की गयी । कहा कि वर्तमान समय में लोनिवि के द्वारा ओखलढूगा से बोहराकोट के मध्य गड्ढे तक नहीं भरे गये हैं मात्र 10 किमी के क्षेत्र में वाहनों को सड़क मार्ग पर बहुत बड़े बड़े गड्ढे में चलने को



मजबूर होना पड रहा है जो कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना काकारण बन सकता है । इस मार्ग के अत्यन्त खराब होने के कारण कैंचीधाम को जाने वाले वाहन वाया नैनीताल आना जाना कर रहे है इस मार्ग पर शीघ्र हाटमिस डामरीकरण करण किया जाना बहुत ही आवश्यक है। गोरखा ने कहा कि सड़कों की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों के द्वारा 17 फ रवरी (मंगलवार) को नैनीताल तहसील क्षेत्राअंतर्गत डौन परेवा में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित किया गया । उन्होंने कहा कि इसकी सूचना जिला प्रशासन, पुलिस प्रसासन व लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड रामनगर को भी दे दी गयी है।

## News कॉर्नर

### हल्द्वानी में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी व देशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था, ऑपरेशन रोमियो व संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु चेकिंग के दौरान क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गुप्ता रेस्टोरेंट के पास पहुंची, जहां एक युवक शराब बेचते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश चन्द्र पुत्र उर्वादत्त जोशी, निवासी ग्राम कोटाकुना नरौली, थाना दन्या, जिला अल्मोड़ा (हाल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।

### बजट आम जनमानस की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरताः डॉ. गणेश उपाध्याय

**हल्द्वानी।** प्रस्तुत बजट देश के विकास की बात तो करता है, लेकिन आम जनमानस की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। जनता को उम्मीद थी कि इस बार बजट उनके रोजमर्रा के संघर्ष को कम करेगा। महंगाई से राहत देगा, आय बढ़ाएगा और टैक्स का बोझ घटाएगा। परंतु ऐसा स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता।

सबसे बड़ी कमी यह है कि मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर में कोई बड़ी राहत नहीं मिली। आज का आम आदमी महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और घर के खर्चों से पहले ही दबा हुआ है। ऐसे समय में टैक्स राहत जरूरी थी।

दूसरी बात — बेरोजगारी देश की बड़ी समस्या है। बजट में रोजगार बढ़ाने की बातें तो हैं, पर तुरंत असर डालने वाली ठोस योजना का अभाव दिखता है।

# फिटनेस सेवा बंद होने के विरोध में टैक्सी यूनियन का आर-पार का ऐलान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के सभी दस आरटीओ कार्यालयों में वाहनों की फिटनेस सेवा बंद किए जाने के विरोध में टैक्सी संचालकों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि पूर्व की तरह सरकारी स्तर पर फिटनेस जांच की व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो चार फरवरी से अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा। प्रस्तावित आंदोलन के चलते कुमाऊं भर में लगभग 50 हजार टैक्सियों का संचालन ठप हो सकता है। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भट्ट ने बताया कि ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) को अनिवार्य किए जाने से टैक्सी संचालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। निजी एटीएस केंद्रों पर निर्भरता बढ़ने से शोषण की स्थिति बन रही है, जिसे संगठन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि वाहनों की फिटनेस जांच का अधिकार पुनः सरकारी परिवहन कार्यालयों को दिया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर टैक्सी यूनियन ने कुमाऊं मंडल के सभी जिलाधिकारियों और परिवहन अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। भट्ट ने बताया कि प्रस्तावित चक्का जाम को सफल बनाने के लिए ट्रक, बस समेत अन्य व्यावसायिक वाहन संगठनों से भी समर्थन जुटाया जा रहा है। उधर, आरटीओ प्रशासन हल्द्वानी के डॉ. गुरदेव सिंह ने बताया कि टैक्सी यूनियन की समस्याओं के समाधान को लेकर परिवहन मुख्यालय देहरादून को पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर से दिशा-निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 572 किमी का चक्कर लगाने को मजबूर टैक्सी चालक

वाहनों की फिटनेस के लिए निजी ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों पर निर्भरता टैक्सी चालकों पर भारी पड़ रही है। पहाड़ी जिलों के चालक-मालिकों का कहना है कि मुनस्यारी, कपकोट जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से हल्द्वानी, टनकपुर और रुद्रपुर स्थित निजी एटीएस केंद्रों तक फिटनेस कराने आना पड़ता है। मुनस्यारी के टैक्सी संचालकों को वाहन की फिटनेस जांच के लिए 286 किमी दूर हल्द्वानी आना पड़ रहा है, जिससे आने-जाने में कुल 572 किमी का सफर तय करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में हजारों रुपये ईंधन पर खर्च हो रहे हैं, वहीं निजी एटीएस केंद्रों पर भारी-भरकम शुल्क भी चुकाना पड़ रहा है।

### चेतावनी

- चार फरवरी से अनिश्चितकालीन चक्का जाम की चेतावनी

# ज्वाहर ज्योति नंद विहार कॉलोनी से किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** थाना काठगोदाम क्षेत्र अंतर्गत दमुवाढुगा, ज्वाहर ज्योति नंद विहार कॉलोनी से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनी, पुत्री हरीश सिंह, 28 जनवरी को अपराह्न लगभग 3 बजे दुकान से सामान लेने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों व आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्ण सद्गुरु ही करवा सकते हैं आत्मा का परमात्मा से मिलन - डॉ. सर्वेश्वर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एम. बी. इंटर कॉलेज ग्राउंड, कैनाल रोड, हल्द्वानी में 29 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही भगवान शिव कथा के पंचम दिवस कथाव्यास डॉ. सर्वेश्वर ने महापार्थिवेश्वर हिमालयराज की शक्तिस्वरूपा पुत्री पार्वती जी का भगवान शिव के संग विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया, जो कि गूढ अध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। माता पार्वती जीवात्मा का प्रतीक हैं और भगवान शिव साक्षात् परब्रह्म परमेश्वर के। हम समस्त जीवों का उस परमात्मा के साथ मिलन किस प्रकार संभव है? जैसे नारद जी माँ पार्वती के गुरु बन कर आए। ठीक ऐसे ही, हमें भी अपने जीवन में नारद जी जैसे एक ब्रह्मनिष्ठ तत्ववेत्ता सद्गुरु का सान्निध्य चाहिए जिनके कृपाहस्त तले हम उस ईश्वर अर्थात् शिव का साक्षात्कार कर पाएंगे।

इसी के साथ कथाव्यास जी ने समाज में प्रचलित एक धारणा का भी खंडन करते हुए कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि भगवान शिव के विवाह में नंदी-भृंगी इत्यादि समस्त शिवगण अत्यंत प्रसन्न होकर भांग की मस्ती में झूम उठे थे और उसी का अनुसरण करते हुए आज लोग भी महाशिवरात्रि पे नशों का सेवन करते हैं। यह हमारे समाज की विडंबना है कि भगवान शिव के नाम पर हम ईश्वर के उस अमृत रस को छोड़कर सांसारिक नशों का पान करते हैं। हमारे शास्त्र ग्रंथ कहते हैं कि जिसमें क्षण मात्र की भी शांति नहीं है, वह नशा है। यहीं तो कारण है आज इन नशों ने लोगों की शांतपूर्ण गृहस्थी को भी अशांत कर दिया है। कहीं प्रपंच फूट रहें हैं और कहीं रिश्ते टूट रहे हैं। नशों के कारण हँसते-खेलते परिवार तलाक की वेदी पर बलि च? रहे हैं। आज भारतीय समाज का सारा ताना-बाना ही तहस-नहस होने के कगार पर आ ख?ा हुआ है। ऐसे में ये अत्यंत आवश्यक है कि हम अज्ञानता की गू? नींद से जागें। अगर नशा करना ही है तो वो नशा करें जो भारत की धरती के सच्चे भक्तों ने किया; ब्रह्मज्ञान का नशा, भोलेनाथ की भक्ति का नशा। जब गुरु-कृपा से ब्रह्मज्ञान द्वारा हम अपने घट में भोलेनाथ का दर्शन प्राप्त करेंगे तो मन स्वतः ही प्रभु नाम की मस्ती में झूम उठेगा। तब ये सांसारिक नशे हमें लुभाएँगे नहीं और हमारा मन उत्तम आदर्श व संयम के पंख लगाकर अध्यात्म के आकाश में उन्मुक्त उ?ान भरेगा। और फिर हमारी गृहस्थी भी शिव-परिवार की तरह शांति, सामंजस्य व सौहार्द्र की अनुपम झाँकी बन जाएगी।

# उत्तराखण्ड में महिलाओं की खुलेआम हत्या हो रही वहीं पुलिस तमाशा देख रही है

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाए कि उत्तराखण्ड में महिलाओं की खुलेआम हत्या हो रही है और पुलिस तमाशा देख रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून में पांच दिनों के भीतर तीन लड़कियों व महिलाओं की नृशंस हत्या हुई है। यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश की राजधानी में कानून व्यवस्था के ये हाल हैं तो राज्य के अन्य हिस्सों का भगवान ही मालिक होगा।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि 4 दिन पूर्व राजधानी देहरादून के विकासनगर में 12 वीं कक्षा में पढने वाली बालिका को सुरेंद्र नाम के व्यक्ति ने निर्दयता पूर्वक दरांती से काटा। उन्होंने बताया कि फिर ऋषिकेश में एक युवती की भाजपा नेता सुरेश अग्रवाल ने गोली मारकर हत्या कर दी।यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि आज देहरादून कोतवाली से कुछ दूर दिन दहाड़े गुंजन नाम की युवती को आकाश ने चापड़ से काटकर मार डाला। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने पुलिस को लूट का साधन बनाया है। खुलेआम जिले और थाने नीलाम हो रहे है। उन्होंने कहा किए अच्छे अधिकारियों को ठंडे बस्ते में डाल है और लूट विशेषज्ञों को जिलों की कमान दी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नतीजे सामने हैं। उन्होंने कहा कि देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर में जघन्य हत्याओं, लूटों और जघन्य अपराधों के बाद भी जिला पुलिस के जिममेदार अधिकारियों को वाही बनाए रखा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा किए ये अयोग्य अधिकारी अपराधों के होने के बाद भी जिलों में टिके रहने को अपनी विशेष योग्यता मान कर कर्तव्यों से बिमुख हो रहे हैं नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि यही हाल रहे तो उत्तराखण्ड देवभूमि के बदले अपराध भूमि के नाम से जानी जाएगी।

# क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी द्वारा थाना काठगोदाम का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी द्वारा आज थाना काठगोदाम का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गार्द, थाना भवन, कार्यालय, बैरिकों एवं हवालात का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाने के अभिलेखों एवं लंबित अभियोगों की गहन समीक्षा की गई। थाना कार्यालय में नियुक्त स्टाफ को अभिलेखों के उचित रख-रखाव तथा विवेचना अधिकारियों को अभियोगों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी द्वारा सीसीटीएनएस सहित सभी ऑनलाइन पोर्टलों की समीक्षा की गई तथा थानाध्यक्ष काठगोदाम को सभी ऑनलाइन कार्यों एवं पोर्टलों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। माल मुकदमाती के पुलिंदों का मालखाना रजिस्टर से मिलान कर लंबित मालों के शीघ्र निस्तारण, चिन्हीकरण एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए गए। साथ ही थाने में उपलब्ध शस्त्रों को खोलने-जोड़ने का अभ्यास कराने एवं उनकी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जन-जागरूकता के दृष्टिगत थाने के डिस्प्ले बोर्ड पर वर्तमान में प्रचलित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध एवं महिला अपराधों से संबंधित जागरूकता बैनर एवं फ्लैक्स बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए गए। थाना भवनों का निरीक्षण कर उनके उचित अनुरक्षण के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत थाने के सभी विवेचकों का ओ.आर. (ऑर्डरली रूम) लिया गया तथा सभी को गुणवत्तायुक्त विवेचना करते हुए निर्धारित समयावधि में अभियोगों के सफल निस्तारण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम, उप निरीक्षक दिलीप कुमार, प्रभारी चौकी मल्ला काठगोदाम सहित थाने के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पुलिस का सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जन-जागरूकता रैली

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। कोतवाली परिसर से शुरू हुई रैली इंदिरा चौक, रोडवेज स्टैंड, डीडी चौक, काशीपुर बाईपास रोड, गाबा चौक और काशीपुर रोड होते हुए गल्ला मंडी, मुख्य बाजार व भगत सिंह चौक से गुजरी। शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए रैली का समापन पुनः इंदिरा चौक पर हुआ। इस दौरान पुलिस टीम ने लाउडस्पीकर और पोस्टरों के माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से पुलिस ने जनता से अपील की कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। विशेष रूप से बाइक पर तीन सवारी न बैठने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और हमेशा अपनी लेन में रहने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ओवरस्पीडिंग को सड़क हादसों का मुख्य कारण बताते हुए लोगों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट की महत्ता समझाई गई। जागरूकता अभियान में कोतवाल मनोज रतूड़ी,यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्य, सीपीयू प्रभारी गोधन सिंह, एसएसआई केसी आर्या और एसएसआई अनिल जोशी के अलावा इनके साथ ही रम्पुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा, बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल, एसआई धीरज टम्टा, एसआई मोहन चंद्र जोशी, सीपीयू दरोगा दिनेश चंद्र उप्रेती, एसआई चंदन सिंह, एएसआई नवीन जोशी, एएसआई ट्रैफिक बलवंत सिंह राठौर और नरेश जोशी, क्रेन चालक योगेश जोशी, ललित मोहन, नारायण सिंह, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, पूरन सिंह, गणेश सिंह धानिक,सीपीयू हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार और पूरन चंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता उपखण्ड-तृतीय, सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी

पत्रांकः-52/स0अ0सू0/निविदा/ दिनांक-27.01.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-09/स0अ0सू0/2025-26

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबन्द निविदा सिंचाई विभाग में पजीकृत डी श्रेणी अथवा उससे उच्च श्रेणी के ठेकेदारों से दिनांक 10.02.2026 के अपराह्न 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे सहायक अभियन्ता तृतीय, सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा, उपस्थित ठेकेदारों तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.02.2026 से 09.02.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु0 लाख) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ जी0एस0टी0 का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिया योजना मद के अन्तर्गत ग्राम कौन्ता में पाईप लाईन एवं टैंक का निर्माण। | 4.83 | 10000.00 | 1000+18%GST | 2 माह |

सहायक अभियन्ता
उपखण्ड-तृतीय